Chapter- 9

विशेषण

STUDY NOTES

- **परिभाषा-**

  जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के गुण या विशेषता बताते हैं उन्हें विशेषण कहते हैं।

- **विशेष्य-**

  वे संज्ञा या सर्वनाम शब्द जिनकी विशेषता बताई जाती है, उन्हें विशेष्य कहते हैं।

  जैसे – पीला ↓ विशेषण   फूल (संज्ञा) ↓ विशेष्य   विशाल ↓ विशेषण   भवन (संज्ञा) ↓ विशेष्य

- **विशेषण के भेद-**

  विशेषण के चार भेद हैं-



१. **गुणवाचक विशेषण**: वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के गुण, दोष, आकार, रूप-रंग, अवस्था आदि बताते है, उन्हे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

उदाहरण: मेरी माँ मेरे लिए **सुन्दर** और **रंगीन** पेंसिल लाई हैं।

(रेखांकित शब्द 'सुन्दर' और 'रंगीन' गुणवाचक विशेषण है।)

२. **संख्यावाचक विशेषण**: जो शब्द **संज्ञा** या सर्वनाम की संख्या या गिनती बताते हैं, उन्हें संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।

उदाहरण: मुझे **चार** किताब और **कुछ** पेंसिल दीजिए।

(रेखांकित शब्द 'चार' और 'कुछ' संख्यावाचक विशेषण है।)

३. **परिमाणवाचक विशेषण:** परिपाण का अर्थ है माप-तौल।

संज्ञा या सर्वनाम शब्दों का माप-तौल बताने वाले विशेषण शब्दों को परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

उदाहरण: मुझे **थोड़ा** दूध दीजिए। मैं आज **दो लीटर** पानी पी लिया।

(रेखांकित शब्द 'थोड़ा' और 'दो लीटर' परिमाणवाचक विशेषण है।)

४. **सार्वनामिक विशेषण:** जब सर्वनाम शब्दों का प्रयोग संज्ञा की विशेषता बताने के लिए प्रयोग किया जाता है। तब उन्हें सार्वनामिक विशेषण कहते हैं।

उदाहरण: **वह** घर रमन का है। **उसका** घर बहुत सुंदर है।

(रेखांकित शब्द 'वह' और 'उसका' सार्वनामिक विशेषण है।)

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

आइए अब लिखें:

१. उचित विशेषण शब्दों द्वारा रिक्त स्थान भरिए।

क) इन्हें .... पुस्तकें दे दीजिए। (कई / कुछ)

ख) तिरंगे में .... रंग होते हैं। (चार / तीन)

ग) मोर के पंख .... होते हैं। (रंग-विरंगे / लाल)

घ) हिमालय पर्वत बहुत .... है। (ऊँचा / नीचा)

ङ) शिवाजी .... राजा थे। (वीर / कायर)

च) मेरे कुरते में .... कपड़ा लगता है। (तीन मीटर / तीन लीटर)

छ) बच्चा .... मंजिल पर चढ़ गया। (पहली / ऊँचे)

उत्तर: (क) कुछ, (ख) तीन, (ग) रंग-विरंगे, (घ) ऊँचा, (ङ) वीर, (च) तीन मीटर, (छ) पहली

२. नीचे वॉक्स में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द रिक्त स्थान भरिए।

(दो, खुंखार, एक गिलास, मीठे, होशियार, ऊँची)

क) **खुंखार** शेर

ख) **होशियार** विद्यार्थी

ग) **मीठे** फल

घ) <u>दो</u> आइसक्रीम

ङ) <u>**एक गिलास**</u> दूध

च) <u>**ऊँची**</u> इमारत

३. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण तथा विशेष्य छाँटकर लिखिए।

	विशेषण	**विशेष्य**
क) आसमान में काले बादल छा गये हैं।	काले	बादल
ख) कुछ लोग नाव चला रहे हैं।	कुछ	लोग
ग) मुझे दो सौ रूपये चाहिए।	दो सौ	रूपये
घ) दूसरों की मदद करना अच्छी आदत है।	अच्छी	आदत
ङ) मैने स्वादिष्ट पकवान खाए।	स्वादिष्ट	पकवान

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक विशेषण शब्द दीजिए।

क) आपके कितने मित्र है ?

ख) आप का स्वभाव कैसा है ?

ग) निंबू का स्वाद कैसा होता है ?

घ) आपके घर से आप का विद्यालय कितनी दूर है ?

उत्तर :

क) मेरे तीन मित्र हैं।

ख) मेरा स्वभाव शांत है।

ग) निंबू का स्वाद खट्टा होता है।

घ) मेरे घर से मेरा विद्यालय पाँच किलोमीटर दूर है।

५. प्रत्येक पंक्ति में जो शब्द विशेषण नहीं है, उस पर गोला ◯ लगाइए।

क) खट्टा सुंदर ताजा (हंस)

ख) गोल आठ (पानी) नई

ग) दुबला (फूल) बुरा चार

घ) मीठा पहला (शरबत) गरम

६. वाक्यों में से संख्यावाचक तथा परिमाणवाचक विशेषण ढूँढ़कर लिखिए।

क) अंकित ने कुछ खिलौने खरीदे।

ख) मेरे पास थोड़ा अनाज रखा हुआ है।

ग) समीर के घर पर कुछ मेहमान आए हैं।

घ) नल खुला रहने से सारा पानी बह गया।

उत्तर:

संख्यावाचक विशेषण	**परिमाणवाचक विशेषण**
क) कुछ	ख) थोड़ा
ग) कुछ	घ) सारा